दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 341 मुरादाबाद 13April 2022 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## दुनिया का पेट भरने को तैयार है भारत, बस WTO की मिल जाए मंजूरी: पीएम नरेंद्र मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ अपनी बातचीत के दौरान, उन्होंने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की अनुमति मिलने पर दुनिया को भारत के खाद्य भंडार की आपूर्ति करने की पेशकश की। पीएम मोदी ने वीडियो लिंक के माध्यम से गुजरात के अदलज में श्री अन्नपूर्णा धाम ट्रस्ट के छात्रावास और शिक्षा परिसर का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि युद्ध (यूक्रेन में) के कारण दुनिया के विभिन्न हिस्सों में खाद्य भंडार घट रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "वैश्विक खाद्य भंडार (यूक्रेन में) युद्ध के कारण घट रहा है, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ बातचीत के दौरान मैंने कहा कि अगर, विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) कुछ छूट देता है, तो हम दुनिया को भारतीय खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना शुरू कर सकते हैं।"

### किसी को वह नहीं मिल रहा है जो वे चाहते हैं: पीएम मोदी

उन्होंने कहा, "आज दुनिया एक अनिश्चित स्थिति का सामना कर रही है क्योंकि किसी को वह नहीं मिल रहा है जो वे चाहते हैं। पेट्रोल, तेल और उर्वरक खरीदना मुश्किल है क्योंकि सभी दरवाजे बंद होते जा रहे हैं। इसके (रूस-यूक्रेन) युद्ध शुरू होने के बाद से हर कोई अपने स्टॉक को सुरक्षित करना चाहता है। पीएम मोदी ने कहा, "दुनिया अब एक नई समस्या का सामना कर रही है; दुनिया का अन्न भंडार खाली हो रहा है, मैं अमेरिकी राष्ट्रपति से बात कर रहा था, और उन्होंने भी इस मुद्दे को उठाया। मैंने सुझाव दिया कि अगर विश्व व्यापार संगठन अनुमति देता है, तो भारत कल से दुनिया को खाद्य भंडार की आपूर्ति करने के लिए तैयार है।"

### 'हमारे किसानों ने दुनिया को खिलाने की व्यवस्था की है'

उन्होंने कहा, "हमारे पास पहले से ही अपने लोगों के लिए पर्याप्त भोजन है लेकिन हमारे किसानों ने दुनिया को खिलाने की व्यवस्था की है। हालांकि, हमें दुनिया के कानूनों के अनुसार काम करना है, इसलिए मुझे नहीं पता कि विश्व व्यापार संगठन कब अनुमति देगा ताकि हम दुनिया को भोजन की आपूर्ति कर सकते हैं।"

## बाल-बाल बचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, नालंदा में पैर छूने के दौरान सीएम के सामने किया धमाक



पटना- बिहार के नालंदा में जन संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला करने की कोशिश की गई। आयोजन के दौरान लोगों से मिल रहे नीतीश कुमार के पैर छूने के बहाने से एक युवक आगे बढ़ा और उनके नजदीक जाकर धमाका कर दिया। गनीमत रही कि यह पटाखा था, जो नीतीश कुमार से थोड़ी दूर गिरा। इससे कारपेट जल गई। घटना के बाद अफरातफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। पहले लगा कि फायरिंग की गई है, बाद में पटाखा फोड़ने की बात सामने आई। पुलिस ने आरोपित को पकड़ लिया है। उसकी पहचान नालंदा के इस्लामपुर थाना क्षेत्र के सत्यारगंज निवासी 22 वर्षीय शुभम आदित्य के रूप में हुई है। पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उसके पास से जब्त पटाखा और माचिस मिली है। विदित हो कि हाल के दिनों में मुख?यमंत्री के कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था में दोबारा ऐसी बड़ी चूक हुई है। पिछले दिनों पटना के बख्तियारपुर में एक युवक ने सीएम पर हमले की कोशिश की थी।

### खोजी कुत्ते भी सूंघ नहीं पाए विस्फोटक

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। शरारती तत्व माचिस और विस्फोटक लेकर डी एरिया में घुस गया, लेकिन सुरक्षाकर्मियों को भनक तक नहीं लगी। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में थे, जहां स्पेशल ब्रांच के इंस्पेक्टर से लेकर सिपाहियों की तैनाती थी। वहीं, सामने वाले घेरे में एसपी और एएसपी रैंक के दो पदाधिकारी थे। नियमानुसार, कार्यक्रम से पूर्व श्वान दस्ता और बम निरोधक दस्ता स्थल का निरीक्षण करते हैं। कार्यक्रम पूरा होने तक दोनों स्क्वायड वहीं रहते हैं। इस घटना के बाद दोनों दस्ता की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। खोजी कुत्ते भी विस्फोटक को सूंघ नहीं पाए।

## विधान परिषद चुनाव में भी भाजपा का जलवा, 36 में से 33 सीट जीती; समाजवादी पार्टी का सफाया



लखनऊ- उत्तर प्रदेश की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी की आंधी चल रही है। विधानसभा चुनाव 2022 में प्रचंड बहुमत के साथ दोबारा सत्ता पर काबिज होने वाली भाजपा ने विधान परिषद के चुनाव में भी परचम लहराया है। भाजपा ने 36 में से 33 सीट पर कब्जा जमाया है। इस चुनाव में उत्तर प्रदेश में प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी का तो सफाया हो गया है। भाजपा के अलावा दो सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी जीते हैं जबकि एक सीट पर राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक को जीत मिली है। तापगढ़ में राजा भैया का जलवा कायम जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रत्याशी अक्षय प्रताप जीते = उत्तर प्रदेश राजनीति में पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया का जलवा कायम है। विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक को दो सीट मिली है, जबकि विधान परिषद चुनाव में भी प्रतापगढ़ की सीट अपने नाम कर ली है। प्रतापगढ़ के एमएलसी चुनाव में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रत्याशी अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल जी ने 1721 मत पाकर 1107 वोटों से जीत दर्ज की है। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी हरि प्रताप सिंह को 614 मत मिले। तीसरे स्थान पर रहे समाजवादी पार्टी प्रत्याशी विजय यादव को 380 मत मिले। अक्षय प्रताप सिंह ने लगातार पांचवीं बार इस सीट पर जीत दर्ज की है। सहारनपुर-मुजफ्फरनगर-शामली से जीती भाजपा की वंदना वर्मा - भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी वंदना मुदित वर्मा ने एमएलसी चुनाव बड़े अंतर से जीत लिया। वंदना वर्मा ने सहारनपुर-मुजफ्फरनगर-शामली विधान परिषद के चुनाव में समाजवादी पार्टी के मोहम्मद आरिफ जौला को बड़े अंतर से पराजित किया। वंदना वर्मा को 3843 मत मिले। प्रतिदंद्धी आरिफ को 842 वोट मिले। वंदना वर्मा ने 3001 वोट के बड़े अंतर से जीत हासिल की। इनके अलावा निर्दलीय सुशील कुमार को 11, मोहम्मद जाहिद को छह व प्रमोद आर्य को 18 वोट प्राप्त हुए। इस चुनाव में 212 मत निरस्त घोषित किये गए। वंदना मुदित वर्मा मुजफ्फरनगर जनपद के कुतुबपुर गांव की रहने वाली हैं। वह दो बार से जिला पंचायत सदस्य हैं। इससे पूर्व वह कोआपरेटिव बैंक की चेयरपर्सन भी रह चुकी हैं। इनके जेठ शशांक शेखर सिंह मायावती सरकार में कैबिनेट सचिव थे। वंदना वर्मा जिला सहकारी बैंक की लगातार दो बार सभापति रह चुकी हैं। निकाय चुनाव से पहले वंदना वर्मा भाजपा में शामिल हुई थीं। इनके पति मुदित वर्मा भी बड़े कारोबारी हैं। कानपुर-फतेहपुर सीट पर भाजपा प्रत्याशी अविनाश सिंह को मिली एकतरफा जीत = उत्तर प्रदेश विधान परिषद के चुनाव में कानपुर- फतेहपुर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन में भाजपा प्रत्याशी अविनाश सिंह ने बड़ी जीत दर्ज किया। अविनाश सिंह ने एकतरफा चली बयार में प्रथम वरीयता में ही 4619 मत हासिल कर लिए हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी के निवर्तमान प्रत्याशी को शिकस्त दी। जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशुदत्त द्विवेदी ने इटावा-फर्रुखाबाद स्थानीय प्राधिकारी विधान परिषद सदस्य चुनाव में जीत दर्ज की है। मतगणना समाप्त होने पर जिला प्रशासन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार भाजपा प्रत्याशी प्रांशुदत्त द्विवेदी 3482 मतों से चुनाव जीत गए हैं।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# 34 प्रतिशत मंहगाई भत्ता की मांग को लेकर 32 संगठनों के हड़ताल से दफ्तरों के कामकाज ठप्प

## केन्द्र की तरह मंहगाई भत्ता मांग रहे कर्मचारी,3 दिन चलेगी हड़ताल



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

पेण्ड्रा - केन्द्र की तरह 34 प्रतिशत मंहगाई भत्ता और सातवें वेतनमान के मुताबिक गृहभाड़ा भत्ता की मांग पर 32 विभागों के जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के कर्मचारियों ने सोमवार 11 अप्रैल से कर्मचारी भवन के सामने ज्योतीपुर पेण्ड्रारोड में 3 दिवसीय हड़ताल शुरू कर दिया है जिसके कारण जिला प्रशासन कार्यालय सहित सभी शासकीय कार्यालयों में कामकाज ठप्प हो गए हैं। कर्मचारियों ने कहा कि इतिहास की यह पहली सरकार है जिसके राज में मंहगाई भत्ता के लिए हड़ताल करना पड़ रहा जबकि इससे पहले किसी भी सरकार में मंहगाई भत्ता के लिए हड़ताल नहीं हुआ। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार छत्तीसगढ़ मंहगाई भत्ता संघर्ष मोर्चा के बैनर तले 32 विभागों के अधिकारी और कर्मचारी सोमवार से धरने पर बैठ गए हैं। अगर सरकार इनकी मांग नहीं मानती है तो यह प्रदर्शन 13 अप्रैल तक चलेगा। धरना प्रदर्शन में कर्मचारी नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि बार-बार सरकार को ज्ञापन देने के बावजूद भी जब सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के बराबर मंहगाई भत्ता और सातवें वेतनमान के अनुसार गृहभाड़ा भत्ता की घोषणा नहीं की तब मजबूरी में उनके द्वारा धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री बने लगभग 40 महीने हो गए हैं जिसमें से 28 महीने से वे मंहगाई भत्ता के लिए कर्मचारी को परेशान कर रहे हैं। इस दौरान केंद्र सरकार के द्वारा 7 बार मंहगाई भत्ता बढ़ाया गया जिसमें से सिर्फ दो किस्त बघेल सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया बाकी 5 किस्तों को रोक दिया गया है जिसके कारण केंद्र और राज्य के कर्मचारियों के मंहगाई भत्ता में 17 प्रतिशत का अंतर आने से प्रत्येक कर्मचारी एवं अधिकारी को 1 लाख रुपए से लेकर 4 लाख रुपए तक का नुकसान हो चुका है और यह नुकसान महीने दर महीने बढ़ता ही जा रहा है जबकि इस दौरान मंहगाई सातवें आसमान पर पहुंच चुकी है, इसलिए कर्मचारियों के सब्र का बांध अब टूट चुका है और वह आंदोलन की राह पर आ गए हैं। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से शिक्षक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष राहुल जायसवाल, टीचर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष मुकेश कोरी, सहायक शिक्षक फेडरेशन के जिला संरक्षक जितेंद शुक्ला, पेंशनर जिलाध्यक्ष शिव शंकर तिवारी, लिपिक संघ जिलाध्यक्ष ललित ध्रुव, उषा शर्मा, सत्य नारायण जायसवाल, मंजुला मल्होत्रा, चतुर्थ वर्ग जिलाध्यक्ष बुधराम श्याम, मूर्ति, आरती शर्मा, संजय नामदेव, तरुण नामदेव,नम मनहर, पुष्पलता तिवारी, शांति ओट्टी, पूर्णिमा सूर्यवंशी, संध्या राय, संध्या चौहान, ममता राठौर, नीता पुरी, मीना मरावी इत्यादि सहित सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए प्रवेश परीक्षा 17 अप्रैल को

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा दिनांक 17 अप्रैल, रविवार को सुबह 10.30 बजे से 1 बजे तक आयोजित किया गया है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास डॉ. के एन मिश्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। जिले में परीक्षा के आयोजन के लिए शासकीय गुरूकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्रारोड, जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश पत्र पेंड्रा मरवाही में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्राप्त किया जा सकता है।

## उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित 6 विन्दुओं का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा




प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन श्रावस्ती द्वारा जिलाध्यक्ष उमेश चन्द गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री को संबोधित 6 विन्दुओं का ज्ञापन जिलाधिकारी श्रावस्ती नेहा प्रकाश को सौंपा है। यूनियन द्वारा मांग किया गया कि जिला स्तरीय स्थाई समिति का गठन श्रावस्ती जनपद में किया जाये, प्रेस क्लब भवन का निर्माण कराया जाये, श्रावस्ती जनपद में फर्जी पत्रकार व फर्जी पत्रकार संगठनों की बाढ़ आ गई है जो पत्रकारिता जैसे पवित्र मिशन को बदनाम कर रहे हैं ऐसे संगठनों व पत्रकारों की जांच कराई जाये, संयुक्त जिला चिकित्सालय में पत्रकारों के लिए पंजीकरण व दवा वितरण की व्यवस्था अलग से कराई जाये इस सम्बन्ध में काफी समय पूर्व जिला स्तरीय स्थाई समिति द्वारा प्रस्ताव भी पारित हो चुका है जिसका अनुपालन आज तक नहीं किया गया, श्रावस्ती जनपद में प्रेस लिखे वाहनों की भरमार हो गई है श्रमजीवी पत्रकार यूनियन मांग करता है कि प्रेस लिखे वाहनों की जांच कराई जाये और फर्जी तौर पर वाहनों पर प्रेस लिखकर चल रहे लोगों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाये।

साथ ही बलिया में पत्रकारों पर दर्ज फर्जी मुकदमों को वापस लेकर पत्रकारों को बिना शर्त रिहा किया जाये। इस दौरान यूनियन के महामंत्री राधेश्याम तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष बाबू राम पाठक, जिला संगठन मंत्री प्रेमचंद जायसवाल ,मुकेश गुप्ता, साबिर हुसैन, आशुतोष मिश्रा, मेराज अहमद, प्रदीप गुप्ता, सब्बीर राईनी सहित यूनियन के पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे।


## मुख्य मंत्री योगी जी को संबोधित ज्ञापन के माध्यम से आगे आने वाले संकट से आगाह किया



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा - बुंदेलखंड नव निर्माण सेना के पदाधिकारियों ने माननीय मुख्यमंत्री योगी जी को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी बांदा के माध्यम से भेजा। आज अपने ज्ञापन के माध्यम से बुंदेलखंड नव निर्माण सेना के पदाधिकारियों ने माननीय मुख्यमंत्री जी को आगे आने वाली समस्या से अवगत कराते हुए बताया की बांदा वा उसके आस पास के जिला से भारी मात्रा में गेंहू का भूसा मटर का भूसा आदि का क्रय विक्रय कर ईट भट्ठों में प्रयोग में लाने से आने वाले दो तीन माह में सभी जगह भूसा खत्म हो जाने से पशुओं में भूखमरी की स्थित के चलते मरने की कगार में पहुंचने लगेंगे। आज अपने दिए गए ज्ञापन के माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग की है कि समय रहते ठोस कदम उठा कर आगे आने पशुओं के खाने के भूसा बचाए। साथ ही मध्य प्रदेश के पन्ना जिले का हवाला भी दिया की कोई भी जिले के बाहर भूसा नही ले जा सकता। इसी तरह यहां भी आदेश की मांग की ।

## जान जोखिम में डाल कर बच्चे सहित बड़े लोग कर रहे हैं पटरी पर



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

पेंड्रा अमरपुर- जान जोखिम में डालकर बच्चों सहित बड़े लोग पटरी को पार कर जाने को मजबूर हैं। वहीं लोगों को अपनी जान की कतई परवाह नहीं है। लेकिन उसके बावजूद भी लोग रेल की पटरी को पार कर अपने गंतव्य स्थान तक जाते हैं। दरअसल पूरा मामला गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के पेंड्रा रोड स्टेशन से कुछ ही दूरी पर लोग रोजाना बच्चों के साथ साथ बड़े लोग पथरी को पार कर आना-जाना करते हैं। वहीं कुछ ही दूरी पर रेलवे अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है। लेकिन इस बने अंडर ब्रिज में पानी 24 घंटे पड़े होने के कारण लोग इस तरह के जान जोखिम में डालकर पटरी को पार करते हैं। वहीं जब हमने बच्चो से बात की तो बच्चो ने बताया कि इसी तरह से हम लोग रोजाना आवागमन करते हैं। वहीं बच्चो ने कहा पैदल फूट ब्रिज ना होने के कारण भी हम लोगों को इस तरह से आवागमन करना पड़ता है। इसके अलावा ग्रामीण से चर्चा की गई तो ग्रामीणों ने बताया कि अंडर ब्रिज में पानी भरे रहने के कारण हमें पटरी पार कर गंतव्य स्थान पर जाना पड़ता है। वहीं आपको बता दें कि रेल पटरी के उस पार गौरेला नगर का एक बहुत बड़ा जनसंख्या वाला वार्ड है। हर रोज इसी तरह लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन करते हैं। वहीं लोगों को अपने जान की कतई परवाह नहीं है। ऐसे में अगर रेलवे ओर ध्यान नहीं देता है तो किसी बड़ी दुर्घटना किसी भी पल किसी भी समय हो सकती हैं।

## ट्रांसफार्मर खराब काफी दिनों से होने के बाद अभी तक नहीं बदला गया विद्युत बाधित

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विकासखंड जमुनहा के ग्राम पंचायत पटपरगंज मे लगा ट्रांसफार्मर जल गया है जिसको बिजली विभाग की लापरवाही से अभी तक ट्रांसफार बदला नहीं गया जिससे वहां के निवासी ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों को विद्युत आपूर्ति न होने से काफी परेशानी उठानी पड़ती है और ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण विद्युत सप्लाई बाधित है इसलिए ग्राम पटपरगंज के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आरिफा आसिफ के ग्रामीणों ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का मांग किया है देखना अब है क्या विद्युत कर्मचारी ट्रांसफार्मर बदलते हैं

## अज्ञात कारणों से लगी आग गेहूं की खड़ी फसल जलकर हुई राख



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- थाना क्षेत्र भिंनगा कोतवाली के अंतर्गत पेट्रोल पंप के पास ग्राम पडरी के रहने वाले तिलकराम की गेहूं की खेत में खड़ी फसल पकी हुई लगी थी जिसमें अज्ञात कारण से आग लग गई और जलकर राख हो गई जब तक लोग आग बुझाने के लिए पहुंचे तब तक आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया और सारी फसल जलकर राख हो गई ग्रामीणों ने अर्थक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया ।और तिलकराम का रो रो कर बुरा हाल है।

# प्रधानमंत्री के हाथों पुरस्कृत होंगे विकास खंड डिलारी के प्रधान रईस अहमद व गार्गी चौधरी

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- जिले के डिलारी विकास खंड क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों के प्रधान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों पुरस्कृत किए होंगे। रविवार इन दोनों ग्राम पंचायतों का चयन पंडित दीन दयाल उपाध्याय पंचायती सशक्तीकरण पुरस्कार योजना के लिए किया गया है। प्रधानों को यह पुरस्कार गांव की सभी गलियों के पक्का होने, सार्वजनिक स्थानों पर उन्नत किस्म के पौधों का रोपण करने तथा ग्राम में बेहतर सफाई व्यवस्था आदि के कारण किया गया है। पंचायत दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल को जम्मू के सांबा में आयोजित सम्मान समारोह में यह पुरस्कार प्रधानमंत्री प्रधानों को देंगे। परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र ने बताया



कि प्रदेश भर के प्रधानों से योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। जिसमें प्रधानों को गांव में कराए गए प्रमुख विकास कार्यों के साथ-साथ सफाई व्यवस्था आदि कार्यों का भी विवरण मांगा गया था। उसके फोटोग्राफ भी मांगे गए थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश से इसके लिए 25 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। मुरादाबाद मंडल में सिर्फ मुरादाबाद जिले के डिलारी विकास खंड की दो ग्राम पंचायतों मुस्तफापुर के प्रधान रईस अहमद व मिलक अमावती की प्रधान गार्गी चौधरी को यह पुरस्कार मिलेगा। बताया कि दोनों ग्राम प्रधानों को 24 अप्रैल को जम्मू के सांबा में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में दोनों प्रधानों को पंडित दीन दयाल उपाध्याय पंचायती सशक्तीकरण पुरस्कार योजना के तहत पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुरस्कार के रूप में प्रत्येक प्रधान को आठ लाख रुपये व प्रशस्ति प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के रूप में प्राप्त धनराशि ग्राम पंचायतों को आवंटित धनराशि के अतिरिक्त होगी जिसे प्रधान ग्राम पंचायत की बैठक में योजना बनाकर गांव के विकास पर खर्च कर सकेंगे। पुरस्कार के लिए चयन होने के बाद दोनों ग्राम प्रधानों में भी खुशी की लहर है।

# भाजपा के पूर्व सांसद सत्यपाल सिंह सैनी की जीत पर अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- भाजपा के पूर्व सांसद सत्यपाल सिंह सैनी के स्थानीय निकाय विधान परिषद मुरादाबाद- बिजनौर क्षेत्र से भारी मतों से विजयी होने पर ठाकुरद्वारा के अधिवक्ताओं ने एकत्र होकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की। मंगलवार को तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने एकत्र होकर मुरादाबाद-बिजनौर क्षेत्र से स्थानीय निकाय विधान परिषद् में भाजपा प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सैनी को रिकॉर्ड मत प्राप्त करने व विजयी होने पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष उमेश कुमार गुप्ता एडवोकेट, जितेन्द्र सिंह चौहान एडवोकेट, के.के. उर्फ कृष्ण कुमार विश्नोई एडवोकेट, सलीम अहमद एडवोकेट, धर्मेन्द्र चौहान एडवोकेट, महेश कुमार प्रजापति एडवोकेट, विशाल अग्रवाल एडवोकेट, विजयपाल सिंह खड़गवंशी एडवोकेट, राहुल शर्मा, विपिन कुमार विश्नोई, विमल कुमार बिश्नोई एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# 17 अप्रैल को मुरादाबाद की सड़कों पर रहेगा कृष्ण भक्ति का अनोखा नजारा

मुरादाबाद-सत्रह अप्रैल दिन रविवार को मुरादाबाद की सड़कों पर कृष्ण भक्ति का अनोखा नजारा सभी को अभिभूत करेगा। इस दिन अशियाना स्थित इस्कॉन सेंटर के तत्वावधान में दिल्ली रोड स्थित श्री कृष्ण-बलराम शोभायात्रा निकाली जाएगी तो एमआईटी तक लोगों को भक्ति रूपी सागर में गोते लगाने को विवश कर देगी। इसमें जहां यूएस से गौरा मणि का रॉक बैंड कीर्तन अपनी धुन बिखेरेगा वहीं बड़ी संख्या में विदेशी इस्कॉन भक्त भी कीर्तन कर सभी को आकर्षित करेंगे। क्रेन से चलता भगवान का छप्पन भोग आकर्षण का केंद्र रहेगा। यह जानकारी देते हुए इस्कॉन सेंटर के प्रबंधक उज्ज्वल सुंदर दास ने बताया शोभायात्रा दिल्ली रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर से आरंभ होकर एकआईटी पहुंच कर संपन्न होगी। इसमें भगवान नृसिंह, राम दरबार और राधा कृष्ण की तीन झांकियां होंगी। भगवान को लगाए जाना वाला छप्पन भोग क्रेन से लेकर चलता रहेगा। उन्होंने बताया शोभायात्रा में कम से कम दस देशों से इस्कॉन के अनुयायी आ रहे हैं। साथ ही यूएस से गौरा मणि द्वारा संचलित रॉक बैंड कीर्तन करने आ रह है। उन्होंने बताया इस शोभायात्रा में मुरादाबाद सहित गाजियाबाद, रुद्रपुर, बरेली, पिलखुआ और दिल्ली के इस्कॉन के अनुयायी भाग लेंगे। दो दर्जन से अधिक स्थानों पर स्वागत द्वार बनाने की तैयारी है। प्रबंधक उज्ज्वल सुदर दास ने बताया शोभायात्रा का उद्देश्य लेगों को सनातन धर्म से जोड़ना और भगवनके प्रति आस्था जागृत करना है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# डिलारी क्षेत्र में आज बाधित रहेगी बिजली

मुरादाबाद-क्षेत्र के दर्जनों गांव में 13 अप्रैल को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपकेंद्र डिलारी में तकनीकी खराबी के कारण 13 अप्रैल को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी बिजली उपकेंद्र के जेई ने दी। उन्होंने बताया कि विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले गांव कस्बा डिलारी, मझोली, सिहाली खद्दर, काजीपुरा, सलेम सराय, मुस्तफापुर बड़हरा, चटकाली, महमूदपुर लाल, फरीदपुर कसम, जोगीपुरा, कुआं खेड़ा माफी, गोविंदपुर, रेहटा माफी आदि गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उप केंद्र पर तैनात जेई ने बताया कि क्षेत्र की जर्जर लाइन और विद्युत उप केंद्र में तकनीकी खराबी को दुरुस्त किया जा सकेगा।

# आईएफटीआईएम विवि में महिला स्वास्थ्य शिविर लगा

मुरादाबाद-आईएफटीआईएम विवि में निशुल्क महिला स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। अमरोहा से चिकित्साधिकारी, डॉ कविता मुद्गिल ने सौ से अधिक छात्राओं, शिक्षिकाओं व महिला कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। कुलसचिव, प्रो संजीव अग्रवाल, प्रो निशा अग्रवाल, डॉ स्वाति राय, डॉ सारिका दुबे, अनीस अहमद, गोविंद, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षाएं संपन्न होने से कालेज संचालकों ने ली राहत की सांस

मुरादाबाद-मंगलवार को बोर्ड परीक्षाओं का समापन हो गया। क्षेत्र के कॉलेजों में सकुशल बोर्ड परीक्षा संपन्न होने पर कॉलेज संचालकों ने राहत की सांस ली। इसके अलावा थानाध्यक्ष सतराज सिंह ने मय पुलिस फोर्स के हाईस्कूल, इंटर बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित अंतिम पेपर के दृष्टिगत कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानाक्षेत्र के सभी कॉलेजों का भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा लिया। कॉलेजों के बाहर मिले संदिग्ध लोगों की चेकिंग/तलाशी कर विशेष सतर्कता रखी। परीक्षा केंद्रों की ड्यूटी पर सभी पुलिस बल थाना क्षेत्र में सशस्त्र सतर्क मौजूद रहे

# ठाकुरद्वारा में नाबालिग को बहला फुसलाकर ले गया पड़ोसी,5 पर रिपोर्टर दर्ज़

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा-नगर में पड़ोस का रहने वाला युवक नाबालिग को फुसलाकर ले गया। जानकारी लगने पर परिजनों के होश उड़ गए। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। नगर के एक मौहल्ले में पड़ोस का रहने वाला अमन पुत्र सईद नाबालिग को बहला फुसलाकर ले गया। जानकारी लगने पर परिजनों के होश उड़ गए। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। नाबालिक की परिजनों की तहरीर से पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।पडोस के दूसरे युवक ने बताया कि आप की लड़की अमन के साथ सुबह गयी है पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है वही परिजनों का आरोप है कि अमन लड़की को बहला फुसलाकर ले गया है। और साथ मे सोने के कुंडल गले का पेंडल पाजेब ,35000 हजार नगद ले जाने का आरोप लगाया है।वही जब लड़की के परिजनों अमन के घर गया तो उसके घर वालो ने लड़की के परिजनों ने लडकी वापस बुलाने की बात कही तो अमन के परिजनों ने गाली गलौज करते हुए घर से बाहर निकाल दिया।लड़की के परिजनों ने कोतवाली पहुँच कर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है वही पुलिस ने परिजनों की तहरीर के हिसाब से अमन पुत्र सईद , फैजान पुत्र सईद , फिजा पत्नी फैजान वे लाइक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

WWW.KNSLLIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए०एच०प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# People stuck in the air

The amount of grief expressed over the Deoghar ropeway accident in Jharkhand is less. People who went on pilgrimage have also died in this accident, people have also been seriously injured and more than 40 passengers have been imprisoned in their respective cabins on the ropeway for hours. By the way, this incident of ropeway wire breaking is rare. Before this, Gulmarg Gondola ropeway accident is also remembered in 2017, when that accident did not happen due to cable break, due to strong wind a tree fell on ropeway wire and cabin, then eight people died. Indian ropeways are generally safe, so the Trikut Parvat ropeway accident in Deoghar is causing more concern. Throughout the night, people were trapped in such a way that even getting food and water to them was not successful. It was only after dawn that the Air Force and NDRF team started the work of rescuing the stranded people. Couldn't the rescue work have started immediately? Are we not able to carry out relief work in such areas at night? It is a matter of great concern that the first person was rescued 19 hours after the accident. Many people remained trapped even after 24 hours, because such constructions happen in the inaccessible valleys, but there is no facility to deliver food and water to the people, far from the point of evacuating people in the event of an accident or ropeway stopping. In the year 2017, when the ropeway accident happened in Spain, more than 200 passengers were stranded, but there was no problem in getting food and water to them. The skills of firefighters were also used in rescue work in Spain. There is no harm in saying that if all the expertise had been used in the rescue work, then the passengers would not have to hang between life and death for so many hours. Now it remains to be seen whether this accident or the people trapped were not taken seriously? Would a senior officer or leader have been trapped on the ropeway, even then it would have taken the same amount of time to rescue? The message that has been sent to the world by this incident of Deoghar will increase people's distrust on the Indian ropeway. Jharkhand Health and Disaster Management Minister has said that investigation will be done into Deoghar ropeway accident and strict action will be taken against the culprits, this is not the time for politics but for helping the victims. Actually this problem or accident is not a matter of politics. This is the issue of more than 40 such common people, who were stuck on the ropeway for hours at a height of about 2000 feet. Of course, there is the inaccessible geographical location, where quick access is almost impossible, but still the question arises, what do the ropeway manufacturers build with a thought in mind? There are more than 30 ropeways running in India, have their operation and rescue system been thoroughly tested. the hour. Ropeways are being built in the country, there should be additional arrangements for rescue in all of them. Ropeway construction alone is not enough. Ropeway companies should also have their own rescue arrangements and well-planned strategies for disaster management, so that the army and disaster management team do not face any problem in rescue.

# 'Dhaakad' Kangana Ranaut was seen eliminating enemies with tremendous action

The teaser of Kangana Ranaut's most awaited film Dhaakad has been released. There was buzz about this film for a long time and now finally the fans will get to see a glimpse of the film and Kangana. The trailer starts with Kangana in which her bold look is seen. She is seen having a drink wearing a bikini. After this she is seen in the bathtub. Then an order arrives asking Kangana to get back in action. After this, Kangana is seen doing tremendous action. Along with this, different looks of Kagana are also seen in the film, due to which it seems that she is playing the role of spy in the film. In the teaser, Kangana also says a dialogue that separating the soul from the body is my business. You must have never seen before Kangana's tremendous action avatar. Sharing the trailer, Kangana wrote, Action, style thrill, all in one. Agents are on fire. Somewhere in the teaser, a glimpse of the villain is also visible, but his face is not shown. However, seeing a glimpse, it seems that this villain may be Arjun Rampal. The teaser is fun and now the fans are waiting for the release of the trailer. Let us tell you that a message is also written in the middle of the teaser that why should boys have all the fun i.e. why should only boys have fun. If reports are to be believed, Kangana will have 7 different looks in the film. Kangana herself has done many stunts in the film. Kangana has worked very hard for Dhaakad. He himself had told that up to Rs 25 crore has been spent for a single action sequence. Kangana also says that this film matches the action of international films. Talking about the film, it is directed by Rajneesh Raiji Ghai and produced by Deepak Mukut and Sohail Maklai. Apart from Kangana, the film also stars Arjun Rampal and Divya Dutta in important roles.



# Mandana Karimi doubts Karanvir Bohra's character? Said - used to call me home

Mandana Karimi has made many shocking revelations in the lockup. Now his partner Zeeshan Khan told something that everyone was surprised to hear. Zeeshan told that Mandana has doubts about the character of Karanvir Bohra. Mandana herself has told this thing to him. Anjali Arora also gave a nod to this. Let us tell you that Karanvir told Anjali Arora in the lockup itself to create a love angle with her because that is what the audience likes. Anjali did not like this thing of Karan. Zeeshan told that Karanvir has called Mandana home even before the show. Mandana did evil - the market of gossip is hot in Kangana Ranaut's show Lockup. In the latest episode, Zeeshan was talking to Anjali Arora and Ali Merchant. During this, he told the shocking thing related to Karanvir Bohra and Mandana Karimi. Zeeshan told, Mandana had told a big thing about Karanvir. She was criticizing him and said don't trust KV. Mandana had said, I do not trust Karanvir even in the outside world. He called me several times home to discuss the script. Ali said - Dog's tail - On this Anjali and Ali Merchant also start speaking against Karanvir. Anjali says, he started with me the very next day. On this Ali says, the tail of the dog remains crooked. Karanvir Bohra was kicked out of the game show. He has returned again.



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## दो टूटे हुए हुए परिवारों को एक किया गया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-कार्य परिवार परामर्श केंद्र एटा जनपद पुलिस द्वारा संचालित परिवार परामर्श केंद्र पर आज दो टूटे हुए हुए परिवारों को एक किया गया, पहला मामला फ़िज़ा पुत्री ज़ाकिर हुसैन निवासी अवागढ़ ज़िला एटा व उसके पति ज़ाहिद पुत्र फ़िरोज़ निवासी गांव कोइली थाना इगलास ज़िला अलीगढ़ का है , दोनो शादी के बाद विवाद के चलते अलग अलग रह रहे थे, आज दोनो को समझाकर साथ साथ रहने को तैयार किया गया, तथा विदा किया गया, दूसरा मामला गगन देवी पुत्री सुरेश निवासी नगला दयाराम थाना जलेसर ज़िला एटा व उसके पति बिपिन कुमार पुत्र हुकुम सिंह निवासी मीरापुर थाना मिरहची ज़िला एटा का है, पति शराब पीकर पत्नी के साथ मारपीट करता था, तथा उसको घर से निकाल दिया था, आज दोनो को बुलाकर समझाया तथा उसने भविष्य में अपने आपमे सुधार लाने की बात कही, दोनों साथ रहने को तैयार हो गए, आज की बैठक में महिला थाना प्रभारी नन्दिनी सिंह, काउंसलर अकरम खान, गीता शर्मा, सचेन्द्र गुप्ता के अलावा पुलिस स्टाफ से हैड कांस्टेबल मंजू अग्रवाल, मिथलेश कुमारी, कांस्टेबल प्रेमकांती, सुधा, रजनी, धर्मवीर सिंह के अलावा महिला थाने का स्टाफ मौजूद रहा

## गैंग एक्ट के मामले में आरोपी को 02 वर्ष कारावास एवं 5000 रुपए के जुर्माने की मिली सजा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते माननीय न्यायालय से गैंग एक्ट के मामले में आरोपी को 02 वर्ष कारावास एवं 5000 रुपए के जुर्माने की मिली सजा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज दिनांक 11.04.2021 को अभियुक्त विनोद पुत्र रामदीन निवासी नगला जवाहरी थाना मिरहची जिला एटा संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 31/10 धारा 2/3 गैंग0 एक्ट थाना मिरहची जिला एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय स्पे0 जज गैंग0 एक्ट एटा द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को 02 वर्ष कारावास एवं 5000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया!

## नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए बाल योग शिविर लगाया गया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-यश योग सेवा समिति द्वारा ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल एटा में आज नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए बाल योग शिविर लगाया गया योग शिविर की शुरुआत गणेश मंत्र गायत्री मंत्र महामृत्युंजय मंत्रो के साथ कराई बच्चों को कपालभाति अनुलोम विलोम उदगीत भ्रामरी सिंहासन सरलता से किए जाने वाले प्राणायाम कराए तथा बैठकर सुखासन वज्रासन के साथ-साथ उष्ट्रासन तितली आसन लल्ला आसन कराया द्य खड़े होकर किए जाने वाले आसनों में लंबाई बढ़ाने हेतु ताड़ासन ध्यान एकाग्र करने के लिए ध्रुव आसन तथा कमर व घुटनों के लिए आसन कराएं योग शिविर का संचालन महिला आयोग प्रभारी श्रीमती आशु वार्ष्णेय व वीनेश जैन ने संयुक्त रूप से किया योग प्रशिक्षक मृदुल कांत नीलम माथुर नेहा माथुर रिचा वार्ष्णेय ने योग कराने में भरपूर सहयोग किया शिविर में बच्चों की मनपसंद आसन प्राणायाम होने से बच्चों के चेहरे खुशी व आनंद से भर गए ब्राइटलैंड स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती गीतिका सिंह ने बताया इस तरह के आसन योग शिविर लगातार चलने चाहिए ताकि बच्चे प्रसन्न व स्वस्थ रहें योग शिविर में प्रधानाचार्य गीतिका सिंह के अलावा उप प्रधानाचार्य श्रीमती पुष्पा तोमर सीमा सिंह रश्मि संध्या नुजहत नीरज शर्मा कामना अनीता शर्मा कल्पना सुषमा गरिमा मधु गोयल सुनीता पालीवाल स्वाति सिन्हा मितांशी तिवारी मोनिका गुंजन शर्मा इत्यादि स्टाफ मौजूद रहा द्य अंत में योग प्रशिक्षक यशवीर सिंह चौहान ने धन्यवाद बेकर योग शिविर का समापन कराया

## अवैध क्लीनिकों की घेराबंदी करते हुऐ थमाऐ नोटिस

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-स्वास्थ्य विभाग का झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ अभियान जारी * जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल एवं सीएमओ डा.उमेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में डिप्टी सीएमओ डा सर्वेश कुमार ने अपनी टीम के साथ निधौली कलाँ रोड पर स्थित पारस हॉस्पीटल




सहित जिले के सकीट ,आसपुर, घुटलई ,अलीगंज तिराहा सहित कई स्थानो पर संचालित हो रहे दस अवैध हैल्थ केयर सेन्टरों पर मारा छापा ! स्वास्थ्य विभाग की छापामार टीम के द्वारा झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही से समूचे जिले में अवैध चिकित्सा व्यवसाय करने वाले लोगों में हडकंप ! डिप्टी सीएमओ डा. सर्वेश कुमार के मुताबिक उनकी टीम ने आज सोमवार को शहर के निधौली कलाँ रोड पर संचालित पारस हॉस्पीटल, ओम साई हैल्थ केयर क्लीनिक, हरी सिंह वर्मा मैमोरियल क्लीनिक, डा. कनिष्क चौहान क्लीनिक व अलीगंज तिराहे पर देव सिहं राजपूत क्लीनिक एवं घुटलई पर ओम हैल्थ केयर क्लीनिक तथा सकीट में मामोनोशा क्लीनिक, संजीवनी क्लीनिक, मुहल्ला काजी में खान क्लीनिक व आसपुर में कई अवैध क्लीनिकों की घेराबंदी करते हुऐ थमाऐ नोटिस ! डिप्टी सीएमओ ( अवैध चिकित्सा व्यवसाय ) डा. सर्वेश कुमार ने बताया कि आज सोमवार को की गयी कार्यवाही में दिऐ गऐ नोटिस उपरांत कोई भी जबाब न मिलने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा करायी जाऐगी एफ. आई. आर.!

## बच्चों को लैपटॉप, दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-राजवीर सिंह ( राजू भैया ) सांसद एटा एवं प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ( सांसद आगरा एवं माननीय मंत्री ) पहुंचे एटा,कलक्ट्रेट प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत बच्चों को लैपटॉप, दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित की गई, इस मौके पर जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह, मारहरा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी, एमएलसी आशीष यादव ( आशू ), विधायक जलेसर संजीव दिवाकर, जिलाध्यक्ष संदीप जैन सहित तमाम गणमान्य लोग एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## 10000 रुपये का इनमिया अभियुक्त गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-बागवाला पुलिस को मिली सफलता नाबालिग बालिका के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में वांछित 10000 रुपये का इनमिया अभियुक्त गिरफ्तार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर एटा के नेतृत्व में वाँछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना बागवाला पुलिस द्वारा थाना बागवाला पर पंजीकृत मुअस0- 85/2021 धारा 363, 366, 368,376 भादवि0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट में वाँछित चल रहे 10000 रुपये के इनमिया अभियुक्त को आज दिनांक 12.04.2022 समय करीब 09:30 बजे मुखबिर की सूचना पर करतला में रामलीला मंच के पास तिराहे पर चाय के खोखे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

## डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर आयोजित होनी वाली रैली/जुलूस/ प्रदर्शन के संबंध में दिशा-निर्देश

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जिला मजिस्ट्रेट अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि आगामी 14 अप्रैल 2022 दिन गुरूवार को डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती का आयोजन किया जाना है विगत दिवसों में कुछ हिंसक घटना को देखते हुए यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि अम्बेडकर जयन्ती सम्बन्धी ऐसी किसी भी रैली/जुलूस/प्रदर्शन के लिए अनुमति न दी जाये जो कि विगत वर्षो में परम्परागत रूप से न हुई हो ऐसे रैली/जुलूस/प्रदर्शन से संबंधित पुलिस अधिकारी/थाना प्रभारी से रैली प्रदर्शन/जुलूस निकालने अथवा न निकालने संबंधी स्पष्ट संस्तुति प्राप्त कर ली जाए। इसके अतिरिक्त रैली/जुलूस/प्रदर्शन के लिये मास्क की अनिवार्यता एवं कोविड-19 प्रोटोकॉल के अनुसार अन्य सावधानियाँ बरतते हुये रैली/जुलूस/प्रदर्शन में सम्मिलित होने की अनुमति होगी। उन्होनें कहा कि जनपद में ऐसे स्थलों को पूर्व में चिन्हित कर लिया जाये जहाँ उक्त प्रकार के आयोजन किये जाते हो एवं ऐसे आयोजनों को शान्तिपूर्ण सम्पन्न होने के लिए यथा आवश्यतानुसार मजिस्ट्रेट/पुलिस ड्यूटी निगरानी करने हेतु लगा दी जाये, ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारियों/पुलिस अधिकारियों का यह दायित्व होगा कि उक्त आयोजनों में कोई शरारती तत्व/असमाजिक तत्व कानून व्यवस्था को प्रभावित न कर सके। परम्परागत रूप से किये जाने वाले आयोजनों में किसी प्रकार बाधा उत्पन्न न हो यह सुनिश्चित कर लिया जये। उन्होनें सभी उप जिला मजिस्ट्रेट/क्षेत्राधिकारी पुलिस जयन्ती से पूर्व उक्त के संबंध में तहसील अथवा थाने पर जयन्ती के कार्यक्रमों आयोजकों से वार्ता/बैठक कर शान्ति पूर्वक सभी कार्यक्रमों को सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगें। साथ ही सभी अधिकारी निरन्तर अपर जिलाधिकारी ( प्रशासन ) के साथ-साथ अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत करायेगें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# दुकान में ही मेडिकल स्टोर मालिक को सीने में मारी गई दो गोली,हालत गंभीर

हारुन बख्श

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



कमालगंज फर्रुखाबाद- दुकान में ही मेडिकल स्टोर मालिक देवेंद्र सिंह सेंगर को गोली मारकर घायल कर दिया गया। सीने में दो गोली लगने से से सेंगर की हालत गंभीर हो गई। थाना कमालगंज के ग्राम रजीपुर निवासी 40 वर्षीय शिवेंद्र सिंह सेंगर की कमालगंज रेलवे क्रॉसिंग जरारी रोड पर सेंगर मेडिकल स्टोर की दुकान है। देवेंद्र 10.30 बजे मेडिकल स्टोर पर मौजूद थे तभी उनके सीने में दो गोली मारी गई परिजन गम्भीर घायल देवेंद्र को फतेहगढ़ के निजी अस्पताल ले गए। पड़ोस के लोगों ने थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी पड़ोसी दुकानदार दुकान बंद कर चले गए। जिसके कारण पुलिस को घटना की सही जानकारी नहीं मिली है लोगों ने मेडिकल स्टोर की अंदर गोली चलने की दो आवाजे सुनी। घटना के बाद मेडिकल स्टोर से लोगों को भागते देखा गया गई चर्चा है किस सेगर का परिजनों से ही विवाद चल रहा है

# अतिक्रमण पर गरजेगा बुलडोजर, खर्च भी वसूलेगी नपं

हारुन बख्श

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- अतिक्रमण पर गरजेगा बुलडोजर, खर्च भी वसूलेगी नपं के बाद फर्रुखाबाद नगर में जिन लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है और दुकानें आगे अतिक्रमण पर गरजेगा बुलडोजर, खर्च भी वसूलेगी नपं नगर में जिन लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है और दुकानें आगे बढ़ाकर लगा रखी हैं अब उस पर नगर पंचायत शिकंजा कसने जा रही है। 19 अप्रैल से नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। मंगलवार को इसके लिए एनाउंसमेंट कराया गया कहा गया कि जिन लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है वह अपना अतिक्रमण हटा ले नहीं तो जेसीबी से उसे तुड़वाया जाएगा और खर्च भी वसूला जाएगा। नगर में कई स्थानों पर जबरदस्त कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। नाली भी घिरी हैं और सड़क के फुटपाथ तक घिरे हुए हैं। ऐसे में यहां लोगों को निकलना मुश्किल होता है। आए दिन जाम लगता है। अब नगर पंचायत यहां अतिक्रमण हटाओ अभियान शूरू करने जा रही है। जिन दुकानदारों ने नाली और सड़क किनारे तक अतिक्रमण कर रखा है अब उन पर शिकंजा कसा जाएगा और उनका अतिक्रमण हटाया जाएगा नगर पंचायत की ओर से एनाउंसमेंट कराया गया कि जो लोग अतिक्रमण किए हुए हैं वह अतिक्रमण हटा लें। नहीं तो नगर पंचायत की ओर से कार्रवाई की जाएगी और इसकी वसूली भी होगी।

**अन्य खबरों के लिए देखे WWW.KNLSIVE.COM**

## भक्त माता कर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए सीएम भूपेश बघेल

# समाज को जोड़ने और सामाजिक विषमता को दूर करने के लिए कार्य करने किया आव्हान

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। सूरजपुर के माता कर्मा चौक स्थित संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन एवं समर्पण में ही शक्ति है। उन्होंने भक्त माता कर्मा के रास्ते पर चलकर सामाजिक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, समाज को जोड़ने और सामाजिक विषमता को दूर करने के लिए कार्य करने का आव्हान कार्यक्रम में किया। मुख्यमंत्री ने इसके पहले कर्मा धाम में भक्त माता कर्मा मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने माता कर्मा ध्वज ध्वजारोहण किया।

इस मौके पर नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री खेलसाय सिंह, संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री भानु प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी मरावी, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष श्री संदीप साहू, श्री नरेश राजवाड़े उपाध्यक्ष जिला पंचायत, नगर पालिका अध्यक्ष श्री केके अग्रवाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती भगवती राजवाड़े, सरगुजा कमिश्नर जी आर चुरेंद्र, सरगुजा आईजी श्री अजय कुमार यादव, मुख्य वन संरक्षक सरगुजा श्री अनुराग श्रीवास्तव, कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव, डीएफओ श्री मनीष कश्यप, श्री रामबिलास साहू संरक्षक जिला साहू संघ सूरजपुर, श्री अरुण साहू जिलाध्यक्ष कोरिया, श्री राम कृपाल साहू पूर्व जिला अध्यक्ष साहू संघ सूरजपुर, श्री राम लल्लू साहू जी कार्यकारी जिला अध्यक्ष सूरजपुर, श्री मार्तण्ड साहू पूर्व जिला अध्यक्ष सूरजपुर, श्रीमती किरण साहू जिला उपाध्यक्ष सूरजपुर, श्री गैबीनाथ साहू कार्यकारी जिलाध्यक्ष सूरजपुर, श्री प्रदीप साहू जिला उपाध्यक्ष सूरजपुर, श्री केके गुप्ता जिला अध्यक्ष सरगुजा, श्री नंदलाल गुप्ता जिलाध्यक्ष जशपुर, श्री राम सेवक गुप्ता जिला अध्यक्ष बलरामपुर, लक्ष्मी गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ रायपुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, साहू समाज के पदाधिकारी और सदस्य इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान साहू समाज के द्वारा मुख्यमंत्री का सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री बघेल ने समारोह को सम्बोधित करते हुए सभी लोगों को भक्त माता कर्मा जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने माता कर्मा के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि हमारे मन में अटूट विश्वास, श्रद्धा और समर्पण है, तो कोई भी ऐसा लक्ष्य नहीं है, जिसे हासिल न किया जा सके। माता कर्मा ने यह साबित किया था कि भक्त की श्रद्धा में यह शक्ति है कि भगवान को भी प्रकट होने पर विवश कर दे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने कर्मा जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है, लेकिन इसके बाद कोरोना संकट के कारण भक्त माता कर्मा जयंती के समारोहों का आयोजन विगत दो वर्ष नहीं किया जा सका। अब स्थिति सामान्य होने पर फिर से सार्वजनिक और धार्मिक आयोजन शुरू हो गए हैं।नगरीय प्रशासन एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री खेल साय सिंह, संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े ने इस अवसर पर भक्त माता कर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए सभी के लिए मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठन, समरसता और भाई चारे का वातावरण बनाकर रखें और संगठन को मजबूत बनाकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सामाजिक और शैक्षणिक प्रयोजनों के लिए विभिन्न समाजों को मात्र 10 प्रतिशत मूल्य पर जमीन उपलब्ध कराई जा रही है, इसमें 90 प्रतिशत छूट दी जा रही है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को आयोजकों द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

# भाजपा के एमएलसी प्रत्याशी प्रांशु दत्त द्विवेदी की रिकॉर्ड वोटों से जीत भाजपाइयों में खुशी की लहर

हारुन बख्श

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी प्रत्याशी प्रांशुदत्त द्विवेदी को तीनों चक्रों में रिकॉर्ड 413 9 वोट मिले हैं। जबकि सपा प्रत्याशी हरीश कुमार यादव को मात्र 657 वोट मिले हैं। श्री द्विवेदी की जीत की जानकारी मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। श्री द्विवेदी को प्रथम चक्र में वन फोर सिक्स जीरो 14 60 दूसरे चक्र में 1428 एवं तीसरे चक्र में 1251 वोट मिले। जबकि हरीश को पहले चक्र में 208 दूसरे चक्र में 238 एवं तीसरे चक्र में 211 वोट मिले हैं। प्रत्याशी नरेंद्र सिंह को प्रथम चक्र 11दूसरे में 7 व तीसरे चक्र में 10 वोट मिले।

## सपा का गढ धाराशायी

भाजपा नेता विश्वास गुप्ता ने विधान परिषद चुनाव में प्रांशु दत्त द्विवेदी की ऐतिहासिक जीत पर कहा है कि फर्रुखाबाद इटावा औरैया कन्नौज मे मिले जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रधान सभासद गणों के मिले 4139 मत इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों से खुश होकर के सभी ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया। यह चारों जिले एक जमाने में सपा के गढ़ थे इन चारों जिलों में सपा पूरी तरीके से धराशाई हो गई है। पूरे प्रदेश में विधान परिषद की सभी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी की जीत ने यह साबित कर दिया है कि झूठ की राजनीति करने वालों की अब प्रदेश में कोई जगह नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नए भारत का नया उत्तर प्रदेश विकास की ओर बढ़ा है जीत की सभी को हार्दिक बधाई।

# मुख्यमंत्री ने माता कर्मा का पूजन व महाआरती की प्रदेश की खुशहाली के लिए मांगा आशीर्वाद



सूरजपुर- एक दिवसीय प्रवास पर आए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने सूरजपुर पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने माता कर्मा का पूजा-अर्चना व महाआरती कर छत्तीसगढ़ की जनता की खुशहाली और समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री खेल साय सिंह, संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष श्री संदीप साहू, जोखन साहू, ओम प्रकाश साहू, मार्तंड साहू, पारसराम साहू, गैबी नाथ साहू, शीतल गुप्ता, बनवारी लाल गुप्ता, रमेश साहू, अशोक साहू उपस्थित थे।